हरियाणा में होगी प्री स्कूल शिक्षक भर्ती, आवेदन 20 दिसंबर से शुरू

संवाद सहयोगी, कलायत : नई शिक्षा नीति 2020 के तहत 3 से 6 वर्ष के बच्चों को प्री स्कूल एवं नर्सरी शिक्षा को उच्च दर्जे का बनाने के लिए मापदंड तैयार किए गए हैं। रोजगार महानिदेशालय, श्रम एवं रोजगार कार्यालय व नेशनल एम्पलायमेंट एक्सचेंज द्वारा हरियाणा की बेरोजगार महिलाओं को प्ले वे स्कूलों में प्री स्कूल शिक्षक भर्ती का स्वर्णिम अवसर दिया जा रहा है। नेशनल एम्पलायमेंट एक्सचेंज के निदेशक एनके शर्मा ने बताया की इसके लिए आवेदन 20 दिसंबर 2023 से शुरू होंगे।

वे कलायत स्थित नेहा ब्यूटी एकेडमी में महिला रोजगार व स्वरोजगार को लेकर चर्चा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि प्री स्कूल शिक्षक भर्ती में अभ्यार्थी केवल महिलाएं ही होंगी जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष तक और शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास होगी।

ये हैं भर्ती के लिए नियम

अभ्यार्थी के पास केंद्र सरकार या किसी भी राज्य सरकार द्वारा संचालित संस्थान से अर्ली चाइल्ड केयर एजुकेशन ईसीसीइ से प्रमाण पत्र हासिल किया होना जरूरी है। इसके लिए अभ्यार्थी को निर्धारित तिथि पर आनलाइन आवेदन करना होगा। सतत विकास के लक्ष्य के लिए देश के सभी बच्चों के बचपन की शुरूआत में उन्हें उत्तम विकास, सही देखभाल और उच्च दर्जे की प्री स्कूल शिक्षा मिले इस आशय को लेकर देश में प्रयास किए जा रहे हैं।